भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं० 673
दिनांक 17.12.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

प्रत्येक घर के लिए शौचालय मुहैया कराया जाना

673. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि देश में स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर में शौचालय का निर्माण कराया जाएगा;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) बिहार में अभी तक कितने शौचालय बनाए गए हैं एवं बाकी कितने शौचालयों के बनाने का कार्य चल रहा है; और
(घ) क्या सरकार के ध्यान में यह बात है कि शौचालय बनाने के लिए प्रखंड में रकम का बड़ी मात्रा में दुर्विनियोजन हो रहा है?

उत्तर
राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) और (ख) सरकार ने सभी ग्रामीण परिवारों में शौचालय की सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करके दिनांक 02 अक्तूबर, 2019 तक समग्र स्वच्छता कवरेज के लक्ष्य के साथ दिनांक 02 अक्तूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) (एसबीएम (जी)) की शुरूआत की है। स्कीम का फोकस व्यवहार परिवर्तन और शौचालयों के उपयोग पर है।
(ग) बिहार में दिनांक 02.10.2014 से 12.12.2018 तक एसबीएम (जी) के अंतर्गत 93.37 लाख वैयक्तिक पारिवारिक शौचालय (आईएचएचएल) निर्मित किए गए हैं।
(घ) स्वच्छता राज्य का विषय है और इसका कार्यान्वयन राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। तथापि, यदि कोई ऐसा विशिष्ट मुद्दा सामने आता है तो इस संबंध में विद्यमान अनुदेशों के अनुसार उसकी जांच हेतु तथा उपयुक्त समाधान हेतु उसे राज्य सरकार को भेज दिया जाता है।